प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 23.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में बजट पेश किया, कहा–सरकार का फोकस गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर।**
2. **युवाओं के लिए मुद्रा लोन की रकम दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख रूपये की गयी, महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रूपये का किया गया प्रावधान।**
3. **कैंसर की दवा, सोना–चांदी, सोलर सिस्टम और मोबाईल फोन हुए सस्ते, कस्टम ड्यूटी की गयी कम।**
4. **खूंटी पुलिस ने एक करोड़ रूपये मूल्य के मादक पदार्थ डोडा के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार।**

****

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अपना विश्वास जताया है। सरकार का फोकस गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर रहेगा। सरकार नौकरी के अवसर बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि नए टैक्स रिजीम चुनने वालों के लिए अब सात लाख पचहत्तर हजार तक की इन्कम टैक्स फ्री हो गयी है।

बजट प्रस्तुत करते हुए श्रीमती सीतारामन ने कहा कि पहली नौकरी करने वालों के लिए एक लाख रूपये से कम सैलरी होने पर ईपीएफओ में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को पंद्रह हजार रूपये की मदद तीन किस्तों में मिलेगी। जिन्हें सरकारी योजनाओं के तहत कोई फायदा नहीं मिल रहा है। उन्हें देशभर के संस्थानों में एडमिशन के लिए लोन मिलेगा। किसान, युवा, महिला और गरीबों के विकास के लिए अलग–अलग योजनाओं के जरिये बेनेफिट स्कीम लायी जाएगी। बिहार–झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और आंध्र प्रदेश के लिए इंफ्रास्टक्चर डेवलपमेंट के लिए विशेष स्कीम लायी जाएगी। ई–कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए भी प्राइवेट सेक्टर के साथ मिलकर स्कीम लायी जाएगी। सरकार इंटर्नशिप के लिए 500 टॉप कंपनियों में पांच करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देने का प्रावधान करेगी। वित्तमंत्री ने रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो लाख करोड़ रूपये के आवंटन के साथ पांच स्कीम का ऐलान पीएम पैकेज के तहत किया। उन्होंने कहा कि इस साल शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए एक लाख अड़तालीस हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। मुद्रा लोन की रकम दस लाख रूपये से बढ़ाकर बीस लाख रूपये कर दी गयी है।

उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर को हर एरिया में सरकार की स्कीम के जरिये मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

श्रीमती रामन ने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम के तहत 12 औद्योगिक पार्कों को मंजूरी दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कैंसर से पीड़ित मरीजों को राहत देने के लिए तीन दवाओं पर पूरी तरह से कस्टम ड्यूटी हटायी गयी है। मोबाईल फोन और पार्ट्स पर भी कस्टम ड्यूटी कम किया गया है। सोना और चांदी के गहनों पर कस्टम ड्यूटी कम की गयी है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज प्रोजेक्ट भवन सभागार में सहायक नगर निवेशक, कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर, खान निरीक्षक सहित कई पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट सभागार में दोपहर दो बजे से किया गया है।

****

नीति आयोग के निर्देश पर चयनित प्रखंडों के लिए संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है।

****

खूंटी पुलिस ने 800 किलो मादक पदार्थ डोडा लदे एक पिकअप वैन को जब्त किया है। खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक और अड़की थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव की अगुवाई में खूंटी तमाड़ पथ पर मधुकमपीड़ी में पिकअप वैन को जब्त किया गया।

****

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर में बिजली की तार की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी। मृतक बच्चे की उम्र 8 वर्ष थी।

****

गुमला जिला पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस केंद्र में मासिक अपराध गोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने तीन नये आपराधिक कानून के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की।

****

जमशेदपुर में 180 युवा खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट किट का वितरण किया गया। पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यदि युवा मन लगाकर खेलेगा और पढ़ेगा तो निश्चित रुप से देश आगे बढ़ेगा।

****

झारखंड में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अनुमान है।

*******समाप्त*******